बिहार लोक सेवा आयोग,
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना

<u>आवश्यक सूचना–सह–दिशा निर्देश</u>

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अधीन राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक, भूगर्भशास्त्र के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित वि॰सं॰ 57/2020 की लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.03.2023 से 18.03.2023 तक आयोजित साक्षात्कार में आमंत्रित उम्मीदवारों के औपबंधिक एकेडमिक अंक/अनुभव अंकों की गणना आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित है, जिसे उम्मीदवार अपना User ID & Password (जो इस विज्ञापन के ऑनलाईन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवारों को मिला था) डालकर देख सकते हैं। एकेडमिक अंक/अनुभव से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ साक्षात्कार के दिन सत्यापन हेतु प्रस्तुत नहीं करने पर उम्मीदवारों की अर्हता/अंक गणना प्रभावित होगी।

यदि किसी उम्मीदवार को अपने एकेडमिक अंक/अनुभव के मूल्यांकन की गणना पर किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित निर्धारित आपत्ति प्रारूप को भरकर साक्ष्य सहित सम्बन्धित प्रमाण पत्र केवल अपने साक्षात्कार के दिन सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

15/03/23

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना